भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Government of India Undertaking)
136 -A, 60 Ft. Road, Kamla Nehru Colony, Bathinda (Punjab) -151001
Tel No: 0164-2210371 , 0164- 2210372, Fax No 0164-2210373
CCI WEBSITE : www.cotcorp.org.in E-mail: bathinda@cotcorp.com
CIN:U51490MH1970GOI014733 GSTIN: 03AAACT4053B1Z2

संख्या भाकनि/पजांब/विप.विक्रय/2019-20/ दिनांक: **19**.02.2020

गांठों के भंडारण हेतु गोदाम किराए पर लेने हेतु निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लि शाखा कार्यालय बठिण्डा द्वारा रूई की बंधी हुई गांठो के भण्डारण हेतु निजी गोदामो के लिये प्रति गांठ प्रति माह की दर से किराये पर लेने के लिए निम्न स्थानो तथा अन्य नजदीकी स्थानों के लिए प्रतिष्ठित गोदाम मालिकों से गोदाम किराए पर लेने के लिए दो बीड प्रणाली में निविदा आमंत्रित करता है:

फाजिल्का, अबोहर, मलोट, किलियावाली, गिदड़बाहा, बठिंडा, मुक्तसर, जैतो, भुच्चो, रामपुरा, संगत, मौड, मानसा, सरदुलगढ़, रामां, बुडलाडा, बरेंटा, सुनाम, एवं लहरागागा।

निविदा फॉर्म तथा नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस को शाखा कार्यालय बठिंडा से प्रात: 10:00 बजे से सांय 5.00 बजे तक 112/- रूपये (जीएसटी सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि भारतीय कपास निगम लि .बठिंडा के पक्ष में देय हो, देकर दिनांक **22.02.**20**20** तक प्राप्त किया जा सकता है गोदाम किराए पर लेने हेतु निविदा सुचना, निविदा फॉर्म तथा नियम एवं शर्तें निगम की वेबसाइट **www.cotcorp.org.in** तथा सरकारी वेबसाइट **www.eprocure.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है। वेबसाइट से डाउनलोड करने पर रुपए.112/- (जीएसटी सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जोकि भारतीय कपास निगम लि बठिंडा के पक्ष में देय हो, निविदा की टेक्नीकल बिड के साथ लगाना आवश्यक है । पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा फॉर्म सीलबंद लिफाफे में दिनांक **22.02.**20**20** को दोपहर 13:00 बजे तक शाखा कार्यालय में पहुँचना अनिवार्य है। शाखा प्रबन्धक को संबोधित निविदा आवेदन के लिफाफे पर "फसल वर्ष 2019-20 में कपास की गांठों के भंडारण हेतु गोदाम किराए पर लेने हेतु निविदा" लिखा होना चाहिए। निविदा दिनांक **22.02.**20**20** को साँय 03:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

जो परिवहन कार्य के ठेकेदार MSME के अंतर्गत आते हैं एवं MSME प्राधिकरण से पंजीकृत हैं वे वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क से मुक्त होंगे। निगम किसी भी निविदा को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ।

शाखा प्रबन्धक

Last Date for issue of tender 22.02.2020 upto 12:00 PM
Last date for submission of tender: 22.02.2020 upto :01.00 PM

Technical Bid–I

TENDER APPLICATION FORM FOR HIRING OF PRIVATE GODOWNS
CROP YEAR: 2019-20

1. Full Name of the Godown : _____

2. Full address of Godown : _____
Tel. No/Mobile No./E-mail ID _____
_____
_____

3. Name of the owner : _____

4. If company is a firm then name of
Director/ partner with mobile no. : 1. _____
: 2. _____
: 3. _____

5. Whether the Godown is registered as MSE : Yes/ No
(if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

If yes, then specify UAM No. : _____

6. If MSE under SC/ ST category : Yes/ No
(if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

7. Whether the Godown is under Startup category. : Yes/ No
(if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)
: _____

8. If MSME is under women entrepreneur category : Yes/ No

(if Yes, Pls. attach concerned valid certificate)

9. PAN number (Attach copy Mandatory) : _____

10. GST registration no. (If any) : _____
(Attach copy)

11. Name of the Purchase Centre/ Place of Godown : _____

12. Distance from the nearest purchase centre : _____

13. Capacity of godown : Size (in sq. mtrs) in bales

1. _____ _____
2. _____ _____
3. _____ _____

14. Distance from the Highway : _____

15. Distance from the Main road : _____ Kms.

16. Approach Road : Kachcha/Pakka

17. Bank Detail : Name of the Bank _____
Account No. _____
IFSC Code _____
Branch _____

18. Fire Fighting Arrangements
Availability of firex : (Yes/No) if yes, no. _____
Availability of sand buckets : (Yes/No) if yes, no. _____
Availability of water drums : (Yes/No) if yes, no. _____
Hydrants : (Yes/No) if yes, no. _____
Bore well : (Yes/No)

19. Other sources of water supply : _____
(If yes, Capacity of tank

20. Situation of Godown : within Municipal Area yes/no
: out of Municipal Area yes/No

21. Floor of Godown : Pakka / Kacha

22. Roofs of Godown : Cemented /Cemented Sheets/
Tin Sheets/
Others, specify _____

23. Distance from fire brigade Office (approx) : _____

24. CCTV Camera available : Yes/No
No. of Camera/Location : No. _____ Location _____

I hereby declare that the above mentioned godown/s is free from any kind of bank liability/ bank default. All the above details are true to the best of my knowledge.

Date:
Place:

Authorized Signatory
Stamp and Seal

On Party's Letter Head

Financial Bid-II

Tender form for hiring of private Godown to store FP bales

Sr No.	Particular	Rate Per Bale Per Month (in Rs.)
1	Fully Pressed Cotton Bales	

Note: Above rates are including all the taxes and excluding GST.

I/We hereby undertake to abide by all the terms and conditions of this tender. I am ready to give the godown/s mentioned in technical bid – 1 at the above rates to the corporation for cotton season 2019-20 (01.10.2019 to 30.09.2020 or till the stock lasts). As provided in the terms, I shall sign the written agreement with the Corporation.

Date:

Signature of the Godown owner

Name _____

Father's Name _____

Address for correspondence

_____

_____

_____

भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Government of India Undertaking)
136 -A, 60 Ft. Road, Kamla Nehru Colony, Bathinda (Punjab) -151001
Tel No: 0164-2210371 , 0164- 2210372, Fax No 0164-2210373
CCI WEBSITE : www.cotcorp.org.in E-mail: bathinda@cotcorp.com
CIN:U51490MH1970GOI014733 GSTIN: 03AAACT4053B1Z2

नियम एवं शर्तें

1. निविदा फार्म भारतीय कपास निगम लि की वेबसाइट www.cotcorp.org.in और सरकारी वेबसाइट https://eprocure.gov.in से डाउनलोड अथवा हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस /कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है l दिनांक 22.02.2020 को शाम 12:00 बजे तक निविदा फॉर्म वितरित किये जायेंगे एवं उसी दिन दिनांक 22.02.2020 को दोपहर 1:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे तथा प्राप्त निविदाओं की टेक्निकल बिड उसी दिन दोपहर 3.00 बजे उपस्थित पार्टियों के समक्ष खोली जाएँगी एवं जिन गोदामों की टेक्निकल बिड सही पाई जाएगी उनकी फाइनेंसियल बिड उसी दिन खोली जाएगी l निर्धारित दिनांक एवं समय के उपरांत कोई भी निविदा एवं निगम द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी l
2. निविदाकर्ता द्वारा टेंडर दो अलग –अलग लिफाफों में निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत करनी होगी ।
   - लिफाफा- (Envelop -1) :लिफाफे में पूर्ण रूप से भरी हुई टेक्नीकल बिड-I तथा संबन्धित दस्तावेज़, निविदा शुल्क का ड्राफ्ट (रु.112/-) एवं नियम एवं शर्तें हस्ताक्षरित कर संलगन हों ।
   - लिफाफा -2(Envelop-2) : लिफाफे में फाईनेशियल बिड –II जिसमें गोदाम हेतु रेट दिये हों।
   - लिफाफा -3(Envelop-3) : तीसरे लिफाफे में उपरोक्त दोनों लिफाफे 1 एवं 2 डालें ।उसी लिफाफे में सील बंद करके लिफाफे पर स्पष्ट रूप से लिखे "तैयार गांठों के भंडारण हेतु गोदाम किराए हेतु निविदा वर्ष 2019-20 के लिये" और केन्द्र का नाम आवश्य लिखे ।
3. गोदाम तक आवागमन हेतु proper approach road का होना आवश्यक हैl
4. गोदाम के फर्श की ऊंचाई सड़क के लेवल से ऊँची होनी आवश्यक है ताकि उसमे वर्षा का पानी न जाने पाए तथा पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये तथा छतों से पानी का रिसाव नहीं होना चाहिए l अगर रिसाव होता है तो मालिक द्वारा तुरंत मुरम्मत करवाना आवश्यक होगा l
5. गोदाम के फर्श पक्के होने चाहिए l
6. गोदाम सुरक्षा की द्रष्टि से उपयुक्त होना चाहिए एवं रुई की गांठो हेतु storage worthy होना चाहिए l
7. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में दर्शाई गई दरें सभी करों सहित (Excluding G.S.T) प्रति गांठ प्रति माह के आधार पर होनी चाहिए।
8. गोदाम की दरें 01.10.2019 से 30.09.2020 या स्टाक रहने तक की अवधि के लिए मान्य होंगी।
9. जिस पार्टी का गोदाम निगम द्वारा अनुबंधित किया जायेगा उस पार्टी द्वारा 100 के नॉन–जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध हस्ताक्षर कर देना होगा l
10. गोदाम मालिक को किराये का भुगतान बिल प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर किया जायेगा। बिल गोदाम मालिक द्वारा मासिक आधार पर प्रस्तुत किया जाएगा। पार्टी द्वारा अपनी बैंक डिटेल दी जाएगी जिसमे किराये का भुगतान RTGS/ NEFT द्वारा किया जायेगा l किराए का भुगतान करते समय लागू आयकर व अन्य कोई भी कर जो सरकार द्वारा लागू होता है उसकी निगम द्वारा कटौती की जाएगी।
11. गोदाम केवल हमारे अधिकृत अधिकारी द्वारा निरक्षण के बाद ही फाइनल किये जायेंगे, जिसकी सुचना पत्र या दूरभाष द्वारा मालिकों को दी जाएगी l गोदामों का चयन रुई की गांठों भण्डारण हेतु उपयुक्तता को देख कर किया जायेगा l
12. गोदाम अनुबंध के पश्चात गोदाम के निरीक्षण के लिए शाखा कार्यालय के अधिकारियों द्वारा समय समय पर दौरा किया जाएगा। उक्त समय में यदि किसी प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो गोदाम मालिक को तदनुसार आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करनी होगी।

13. गोदाम में भंडारित गांठें निगम के प्रतिनिधि के अधिकार में होंगी। Lock & Key निगम की अथवा यदि Management Basis पर CWC/ PSWC को नियुक्त किया जाता है तो उनकी रहेगी एवं गोदाम के अंदर गांठें भंडारित करते समय स्टेकिंग प्लान हमारे निगम के प्रतिनिधि द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।
14. गोदाम प्रांगण में CCTV कैमरा होना अनिवार्य है ।
15. यदि निविदा व सर्वेक्षण के दौरान CCTV कैमरे गोदाम के प्रांगण में उपलब्ध नहीं हैं तो प्राइवेट गोदाम मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्राइवेट गोदाम अनुबंध से पहले यह आवश्यकता पूरी कर ली जाये अन्यथा निगम उसमे अपना स्टॉक भंडारित नहीं करेगा
16. निविदा फॉर्म पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए तथा टेंडर विधिवत रूप से हस्ताक्षरित कर निविदा फार्म मुहरबंद लिफाफे में शाखा प्रबन्धक बठिंडा को संबोधित होना चाहिए।
17. प्रस्तावित गोदाम में हमारे निगम के कर्मचारी/ सिक्यूरिटी गार्ड के लिए आवश्कतानुसार उचित बैठक व्यवस्था होनी चाहिए ।
18. गोदाम में कम से कम निम्न अग्निशमन व्यवस्था आवश्यक है । (जिसे गोदाम में भंडारित गांठों की संख्या के आधार पर बढ़ाया जा सकता है)
    1) प्रत्येक दरवाजे पर एक Fire Extiguisher होना अनिवार्य है।
    2) प्रत्येक दरवाजे पर पानी से भरे ड्रम 2 नग (बाल्टी के साथ) तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था ।
    3) रेत से भरी बाल्टी 4 नग ।
    4) हाईड्रेन्ट व् अपना कुआ/ बोरेवेल को अतिरिक्त सुविधा मानी जाएगी एवं इन सुविधाओं वाले गोदाम को प्राथमिकता दी जाएगी ।
19. मध्यस्थता : इस संविदा से सम्बंधित कोई विवाद उठता है तो यह विवाद मध्यस्थता के लिए किसी मध्यस्थ (जो निगम का कोई कर्मचारी नहीं होगा) को सौपा जायेगा। मध्यस्थ की नियुक्ति संबन्धित शाखा प्रबन्धक द्वारा की जाएगी एवं मध्यस्थ का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । मध्यस्थ को मध्यस्थता एवं समाधान अधिनियम 1996 तथा उसके बाद किसी सांविधिक पुन: अधिनियम तथा संशोधन के प्रावधान के अनुसार नियंत्रित और आयोजित किया जायेगा ।
20. इस निविदा के बाहर तथा इससे सम्बंधित किसी प्रकार का विवाद उठता है तो यह माना जायेगा कि वाद बठिंडा के क्षेत्राधिकार में उठाया गया है।
21. गोदाम में भंडारित गांठो का बीमा निगम द्वारा ही लिया जायेगा लेकिन गोदाम की इमारत एवं इस से संबन्धित फिटिंग्स आदि का बीमा करवाने की ज़िम्मेदारी गोदाम मालिक की रहेगी।
22. गोदाम का किराया गांठो के भण्डारण तिथि से ही शुरू होगा ।
23. गोदाम में किसी प्रकार के विधुत कनेक्शन नहीं होने चाहिए साथ ही गोदाम की सभी खिड़कीयों में जाली का लगा होना आवश्यक है।
24. गोदाम के चारो तरफ की कंपाउंड वाल होनी चाहिए ।
25. गोदाम में पानी इत्यादि इकट्ठा होने पर उसके निकासी की व्यवस्था गोदाम के मालिक को ही करवानी होगी।
26. गोदाम में अगर गांठो के आवागमन के कारण यदि गोदाम प्रांगण को कोई क्षति होती है तो निगम की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
27. किसी भी निविदा को पूर्णत: या अंशत: अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है और परिस्थितियों को देखते हुए निगम उपरोक्त नियम एवं शर्तों पर पुन: विचार कर सकता है ।
28. जिन केन्द्रों/ स्थानों के लिए गोदाम किराये पर लिए जाने हैं उनकी सूची निविदा सूचना में दी गयी है।
29. यदि निविदाकर्ता निविदा की किसी भी शर्तों या निविदा की प्रक्रिया के बारे में शाखा कार्यालय से जानकारी चाहे तो मांग सकता है । इसके अतिरिक्त यदि कोई निविदा अस्वीकृत की जाती है या निविदा दस्तावेज सम्बंधित निविदाकर्ता को नहीं दिया जाता है तो निविदाकर्ता निविदा अस्वीकृत करने सम्बंधित कारण शाखा कार्यालय से मांग सकता है ।
30. गोदाम मालिक की कोई भी अतिरिक्त शर्त निगम को स्वीकार नहीं होगी ।
31. निविदाकर्ता को निगम न्यूनतम कार्य देने हेतु बाध्य नहीं है। कार्य आबंटन केवल आवश्कता के आधार पर ही दिया जायेगा ।
32. गोदाम पर यदि किसी प्रकार की देयेता या कोई बैंक ऋण इत्यादि शेष है या इसके अतिरिक्त विधि मामला गोदाम पर लंबित है तो निगम उस मामले या देयता के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा ।

मैंने नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं, जो मुझे मान्य है।

निविदाकर्ता/ गोदाम मालिक का नाम तथा हस्ताक्षर

स्थान:_____

दिनांक :_____